प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 01.09.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर सेल थाना राजपुर पुलिस को मिली सफलता।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता को फ्रर्जी मैसेज भेजकर 14000 रुपये की साइबर ठगी की गयी तथा एक अन्य शिकायतकर्ता के मोबाइल में स्क्रीन शेयर ऐप के माध्यम से 15000 रूपये पेटीएम व 90000 रूपये फ्लिपकार्ट से आर्डर किया गया था।**
- **साइबर सेल थाना राजपुर पुलिस ने दोनों शिकायतकर्ताओं द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि 1,04,000 रुपये को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता वसीम खां पुत्र श्री याकुब खा निवासी ग्राम कस्बा व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 15.08.2024 को फ्राडर द्वारा कॉल करके फ्राड तरीके से 14000 /-रूपये की साइबर ठगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक वसीम खां उपरोक्त ने दिनांक 15.08.2024 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई थी । साइबर सेल थाना राजपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/ बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 28.08.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 14000/- रुपये वापस कराये गये। इसी क्रम में एक अन्य शिकायतकर्ता श्री योगेश कटियार पुत्र रामप्रकाश कटियार निवासी कस्बा व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात के फोनपे में ट्रान्जैक्शन रूक जाने के कारण आवेदक ने गुगल के माध्यम से फोनपे हेल्पलाइन नम्बर खोजा लेकिन आवेदक को वास्तविक नम्बर नहीं बल्कि फ्रॉड का नम्बर पर कॉल लगा दिया अज्ञात द्वारा आवेदक के मोबाइल में स्क्रीन शेयर ऐप डाउनलोड करवा दिया जिससे आवेदक के खाते से 15000 रूपये पेटीएम व 90000 रूपये फिल्पकार्ट से आर्डर (कुल 105000) फ्रॉड किया गया था। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज करायी गयी। साइबर सेल थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट बैंक अकाउंट व फिल्पकार्ट (आर्डर केन्सिल) को डेबिट फ्रीज कराया गया। फिल्पकार्ट से 90000 रूपये को दिनांक 20.07.2024 को आवेदक योगेश कटियार के खाते में वापस कराये गये तथा बचे हुए पैसो को वापस कराने के लिए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। साइबर सेल थाना राजपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं ने थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद किया गया।

वापस करायी गयी धनराशि-

104000 रुपये

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गौतम थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।
2. क0ऑ0 अमित कुमार साइबर सेल थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 636 शिवप्रकाश पाल साइबर सेल थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।